(ग) ऐसे कितने मामले हैं जिनमें महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड ने क्षतिग्रस्त उपकरणों पर क्षतिभार माफ किया है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) एक क्षति प्रभार लगाया जाता है जो पुर्जे या पुर्जों की क्षति तथा उनके बदलने पर आई लागत पर निर्भर करता है ।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान क्षति प्रभारों के रूप में वसूली की गई कुल रकम निम्नानुसार है :–

राशि (रुपयों में)

वर्ष	दिल्ली	बम्बई
1990–91	19,99,160/-	10,59,339/-
1991–92	18,86,707/-	8,10,214/-
1992–93	09,85,237/-	7,49,324/-

(ग) उपरोक्त अवधि के दौरान 27 मामलों में प्रभार माफ कर दिए गए थे । अन्तर्ग्रस्त रकम 2195/– रुपए थी ।

STD facility to tourist places in Gujarat

879. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government has provided STD facility to all the tourist places in Gujarat;

(b) if not, what are the reasons therefor;

(c) whether Government propose to provide STD facility to all the tourist places in the State; and

(d) if so, what time schedule has been fixed to provide such facility?

. THE MINISTER OF STATE OP THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) No, Sir.

(b) (i) There are no telephone exchanges at five tourist centres viz. Nalsarovar, Lothal, Tulsishyam Ubhrat and Ahmedpur Mandvi.

(ii) One Manual Exchange at Sidhpur to be replaced by an electronic exchange.

(iii) Media connectivity is to be provided for 6 tourist centres viz. Saputara, Shuklatirth, Khavda, Velavadar, Sasangir & Ukai.

(c) Yes, Sir.

(d) STD facility to all the tourist centres is planned to be provided by 31.3.95.

मध्य प्रदेश की ग्राम-पंचायतों में टेलीफोन तथा डाकघर सुविधाएं

880. श्री राधा किशन मालवीय : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में जिला-वार कितनी ग्राम-पंचायत को टेलीफोन तथा डाक घर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं; और

(ख) शेष ग्राम-पंचायतों को ये सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) (i) 31.3.1993 की स्थिति के अनुसार मध्य प्रदेश के 11,960 पंचायत ग्रामों में टेलीफोन सुविधाएं प्रदान की जा चुकी